मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-38
18/01/2020

महाराजा बहादुर कमल सिंह के श्राद्ध कर्म में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 18 जनवरी 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार बक्सर जिले के डुमरांव स्थित भोजपुर कोठी में देश की पहली संसद के सांसद एवं बिहार के डुमरांव राज के अंतिम महाराज महाराजा बहादुर कमल सिंह के श्राद्ध कर्म में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने महाराजा बहादुर कमल सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने महाराजा के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना व्यक्त की।

इस अवसर पर परिवहन मंत्री श्री संतोष कुमार निराला, विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री जयकुमार सिंह, विधायक श्री संजय तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, विधायक श्री ददन सिंह यादव, राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह उर्फ छेटू सिंह, अन्य जनप्रतिनिधिगण, बक्सर के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित परिवार के अन्य सदस्य एवं शुभचिंतक उपस्थित थे।

******